

# सब्जी मंडी बनी जुआ-शराब का मुख्य अड्डा

## कलेक्टर-एसपी दफ्तर से 100 मीटर दूर खुलेआम अपराध, फिर भी कोतवाली पुलिस बेखबर!

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जनवरी। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित कृषि उपज मंडी परिसर इन दिनों कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि जहां दिन में सब्जी मंडी लगती है, वहीं रात होते ही वही परिसर जुआरियों और शराबियों का अड्डा बन जाता है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला जिला पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर घटित हो रहा है, फिर भी कोतवाली पुलिस आंख मूंदे बैठी है।**



कृषि उपज मंडी समिति सिंगरौली द्वारा 17 दिसंबर 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली बैढ़न को विधिवत लिखित शिकायत दी गई। पत्र में साफ उल्लेख किया गया कि मंडी प्रांगण में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहा है, शराब पीने वालों की भीड़ लगती है, जुआ खेला जा रहा है और विरोध करने पर गाली-गलौज व विवाद की स्थिति बन जाती है। इसके बावजूद अब तक न तो नियमित पुलिस गश्त शुरू हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई नजर आई। वहीं सबसे गंभीर बात यह है कि सब्जी मंडी आमजन से जुड़ा स्थान है। यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सब्जी खरीदने आते हैं। लेकिन शराबियों और जुआरियों की मौजूदगी के कारण महिलाओं को असुरक्षा का भय बना रहता है। कई बार शराब के नशे में धुत लोग रास्ता जाम कर देते हैं, अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और माहौल को तनावपूर्ण बना देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जुआ और शराब का यह खेल कोई एक दिन का नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रहा है। मंडी समिति द्वारा कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन पुलिस की ओर से सिर्फ आश्वासन मिला, कार्रवाई शून्य रही। सवाल यह है कि आखिर पुलिस किस घटना का इंतजार कर रही है, किसी बड़ी वारदात का या किसी मासूम के साथ अनहोनी का। साथ ही क्या पुलिस सिर्फ व्हीआईपी मूवमेंट और कागजी बैठकों तक सीमित रह गई है, क्या आम जनता की सुरक्षा अब प्राथमिकता नहीं रही और क्या शिकायतों की फाइलें सिर्फ धूल फांकने के लिए होती हैं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो मंडी परिसर में किसी भी दिन बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### भाजपा झंडा लगी स्कॉर्पियो चर्चा का विषय

कृषि उपज मंडी परिसर में जुए के फड़ों को लेकर एक बार फिर सनसनीखेज सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक जुआ फड़ के दौरान अक्सर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन दिखाई देती है, जिस पर भाजपा का झंडा लगा रहता है। ऐसे में यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं जुआ फड़ के पीछे किसी भाजपा नेता का संरक्षण तो नहीं है। हैरानी की बात यह है कि कृषि उपज मंडी के सचिव द्वारा कोतवाली पुलिस को विधिवत पत्राचार किए जाने के बावजूद पुलिस ने पूरे मामले को नजरअंदाज कर दिया। पत्र दिए जाने के पखवाड़े भर बाद भी न तो मंडी परिसर में पुलिस गश्त शुरू हुई और न ही जुआरियों पर कोई कार्रवाई की गई। जिला मुख्यालय के बेहद संवेदनशील इलाके में खुलेआम जुआ और शराब का खेल और पुलिस की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है। अब सवाल यह है कि क्या कानून सबके लिए बराबर है या फिर राजनीतिक झंडे के नीचे अपराध को खुली छूट दी जा रही है।

### पेट्रोलिंग के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति

सूत्र बताते हैं कि जुआ खेलने वाले और शराब पीने वाले बेखौफ होकर मंडी परिसर में बैठते हैं, मानो उन्हें कानून का कोई डर ही न हो। यह बेखौफी सीधे-सीधे पुलिस की उदासीनता को उजागर करती है। अगर जिला मुख्यालय के इतने संवेदनशील इलाके में यह हाल है, तो शहर के अन्य हिस्सों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मंडी रात के 9-10 बजे तक संचालित रहती है, ऐसे में पुलिस की नियमित गश्त बेहद जरूरी है। लेकिन नाइट पेट्रोलिंग के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति होती दिख रही है। जबकि पत्र में स्पष्ट रूप से अनुरोध किया गया था कि पुलिस बल तैनात कर असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण किया जाए, ताकि मंडी परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।






# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन व कलश शोभायात्रा

## उमड़ा जनसैलाब, संगठन की शक्ति की दिखी झलक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जनवरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिंदू सम्मेलन एवं कलश शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों और समाजसेवियों ने सहभागिता कर इसे ऐतिहासिक बना दिया। पूरे आयोजन में सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और संगठन की शक्ति की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कलश शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक चेतना और समाज के सर्वांगीण उत्थान के संकल्पों का वर्ष है।

## एक नजर में

### श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ की निकली कलश यात्रा



**सिंगरौली।** श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के आयोजन से पूर्व बैढ़न नगर में आज श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। यात्रा बैढ़न स्थित शिवधाम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किए जाएंगे। कलश यात्रा के दौरान पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए अनुशासित रूप से यात्रा में शामिल रहे। आयोजन समिति ने बताया कि कल सुबह श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रामलीला मैदान में किया जाएगा। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### बैसवार महासभा का उग्र आंदोलन की चेतावनी

**सिंगरौली।** संविदा कर्मी शंकर प्रसाद वैश्य के पुत्र सत्यनारायण वैश्य के साथ 26 दिसंबर को एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली के सामने हुई कथित मारपीट का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी और उनके सहयोगियों द्वारा की गई मारपीट के विरोध में बैसवार महासभा ने आंदोलन का ऐलान किया है। पीड़ित के पक्ष में भारतीय न्याय दंड संहिता की धारा 109 के तहत कार्रवाई करते हुए विनोद सिंह कुरवंशी एवं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। इसी मांग को लेकर बैसवार महासभा द्वारा कल दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे एसपी कार्यालय बैढ़न का घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

# बर्दी की टीम ने विजेता का खिताब किया हासिल

## नौगई द्वितीय की टीम बनी उपविजेता, मंत्री ने वितरित किया पुरस्कार



नवभारत न्यूज

**चितरंगी 4 जनवरी। आज दिन शनिवार को ग्राम बर्दी में विगत कई दिनों से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला वर्दी बनाम नौगई-2 के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्दी टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि नौगई-2 उपविजेता रही।**

इस अवसर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राज्यमंत्री राधा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ डॉ. रविंद्र सिंह की उपस्थिति भी रही। मंत्री ने खेलों को युवाओं के लिए अनुशासन, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य का माध्यम बताते हुए खेल मैदान सौगात की घोषणा की। टूर्नामेंट का सफल आयोजन कर्थुआ मंडल के मंडल अध्यक्ष आशीषधर द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया। वहीं व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफद मैच: जिवेंद्र धर, मैन ऑफद सीरीज नितिन जायसवाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मोहित द्विवेदी रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति की सराहना की। पूरे कार्यक्रम में खेल भावना, अनुशासन और जनभागीदारी देखने को मिली। समापन समारोह में चितरंगी के पूर्व विधायक अमर सिंह, प्रवेंद्रधर द्विवेदी, विद्यासागर तिवारी, मधु कुमार गुप्ता, शंकराचार्य पाठक, अजय कुमार द्विवेदी, सतीश द्विवेदी, अशोक पाठक सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# ऊर्जाधानी में कड़ाके की ठंड का कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## रविवार को 18 डिग्री रहा अधिकतम, 8 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान, शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जनवरी। ऊर्जाधानी में कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बीते दिन रविवार को दिनभर सर्द हवाओं के बीच ठिठुरन महसूस की गई। अधिकतम तापमान जहां 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह और देर रात सर्दी का असर सबसे ज्यादा देखने को मिला, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हुआ।**



शीतलहर के प्रकोप के चलते पहाड़ी इलाकों में हालात और भी गंभीर बने हुए हैं। यहां तापमान लुढ़ककर 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ठंडी हवाओं के कारण लोग अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं। सुबह के समय कोहरा और ठंड ने सड़कों पर आवाजाही भी प्रभावित की। वहीं बाजारों में भी चहल-पहल कम नजर आई। कड़ाके की ठंड का असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर ज्यादा देखने को मिल रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों, टोपी, दस्ताने और कंबलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई स्थानों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते दिखे। गरीब और असहाय वर्ग के लिए यह ठंड और भी परेशानियां लेकर आई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। विभाग ने बताया कि बुधवार तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जो 7 से 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। साथ ही शीतलहर का असर बना रहेगा, जिससे ठिठुरन और बढ़ेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ठंड से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतें, खासकर सुबह और रात के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचें। मौसम विभाग की चेतावनी के बीच ऊर्जाधानी में ठंड ने साफ संकेत दे दिए हैं कि आने वाले दिन और ज्यादा ठिठुराने वाले होंगे।

# चितरंगी में कांग्रेस का जोरदार घंटा बजाओ आंदोलन

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 4 जनवरी। इंदौर में ननि द्वारा मलमूत्र युक्त पानी की आपूर्ति से 16 लोगों की मौत के मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए कथित बेतुके और असंवेदनशील बयान को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश फैलता जा रहा है।**



इसी कड़ी में आज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्वाधान में चितरंगी में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सरस्वती सिंह के नेतृत्व में तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चितरंगी के अध्यक्ष संकठा सिंह बबलू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राधा सिंह मंत्री के चितरंगी स्थित निवास के समक्ष घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि नागरिको की मौत जैसे संवेदनशील मुद्दे पर मंत्री द्वारा घंटा शब्द का प्रयोग न केवल अमानवीय है, बल्कि भाजपा सरकार की संवेदनहीन मानसिकता को उजागर करता है। प्रदर्शन में लल्ला राम पांडेय, एमडी सिंह, रामगोपाल वैश्य, संकठा सिंह बबलू सहित अन्य मौजूद रहे।

# सरई जूनियर ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हुआ विवाद

▸ पुलिस हस्तक्षेप के बाद सरई बनी विजेता

नवभारत न्यूज

**सरई 4 जनवरी। सरई जूनियर ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब खिलाड़ियों के बीच अंपायर के फैसले को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।**

टूर्नामेंट की शुरुआत 30 दिसंबर 2025 को हुई थी और कल फाइनल मुकाबला प्रस्तावित था, लेकिन उससे पहले ही मैदान रणक्षेत्र बन गया। जानकारी के अनुसार अंपायर के एक फैसले से नाराज खिलाड़ियों ने आपस में बहस शुरू की, जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच स्टंप और बल्ले चलने लगे, जिससे आयोजन समिति को तत्काल पुलिस बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और खिलाड़ियों को शांत कराया। इसके बाद दोबारा मैच शुरू कराया गया, जिसमें सरई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।



# काइट्स राइज पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

## शकुंतला देवी फाउंडेशन एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में 15 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जनवरी। शकुंतला देवी फाउंडेशन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में काइट्स राइज पब्लिक स्कूल बैढ़न में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां 15 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया है।**




रक्तदान शिविर विगत तीन वर्षों से निरंतर विद्यालय के डायरेक्टर अमित राज द्वारा अपनी माता स्व. शकुंतला देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित किया गया। यह शिविर रेडक्रॉस सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह, सचिव डॉ. ओपी राय, रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आरडी द्विवेदी, डॉ. सुशील सिंह चंदेल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डायरेक्टर अमित राज के देख-रेख में विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य सदस्यों के सहयोग हुआ। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 15 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान कर मानव सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी नटवर दास अग्रवाल एवं अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

# वार्ड 34 में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत, निकला विजय जुलूस

निवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जनवरी। नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 34 विंध्यनगर में विगत दिवस संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी विजय कुमार साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों के अंतर से पराजित कर वार्ड में कांग्रेस का परचम लहराया।**




इस जीत के बाद आज विंध्यनगर क्षेत्र में डीजे-बाजा और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य कांग्रेस विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, एक-दूसरे को बधाई दी और कांग्रेस के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। विजय जुलूस के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कांग्रेस नेताओं ने इसे जनता के विश्वास और संगठन की मजबूती का परिणाम बताया। कांग्रेस की इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में अमित द्विवेदी, ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, रामशिरोमणि शाहवाल, रूपेश चन्द्र पाण्डेय, रामगोपाल पाल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्षदों ने महापौर रानी अग्रवाल की खोली परत-दर-परत पोल

## नगर निगम में सत्ता की सियासत बेनकाब, तीन साल का कार्यकाल, शून्य उपलब्धि, सिंगरौली नगर निगम को गर्त में ले जाने का आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जनवरी। नपानि सिंगरौली की राजनीति उस वक्त गरमा गई, जब कांग्रेस पार्षदों ने महापौर रानी अग्रवाल के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताते हुए पत्रकारों के सामने तीखा हमला बोला। कांग्रेस पार्षद अखिलेश सिंह, शेखर सिंह, रामगोपाल पाल, बंतो कौर और रविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस के समक्ष महापौर के तीन वर्षों के कार्यकाल की पोल खोल कर रख दी।**



पार्षदों ने आरोप लगाया कि महापौर रानी अग्रवाल ने अपने करीब तीन साल के कार्यकाल में नगर निगम सिंगरौली को विकास की पटरी से उतारकर पूरी तरह अव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। उनका कहना था कि महापौर की ऐसी कोई एक भी ठोस उपलब्धि नहीं है, जिसे वे आम जनता के सामने गर्व से गिना सकें। शहर की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं और निगम प्रशासन दिशाहीन हो चुका है। कांग्रेस पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि महापौर और उनके पति ने लगातार राजनीतिक हथकंडे अपनाते हुए कांग्रेस पार्षदों को तोड़ने का काम किया। सत्ता के



दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने कहा कि विकास कार्यों में खुला भेदभाव किया गया। जिन वार्डों में भाजपा समर्थित पार्षद हैं, वहां काम कराए गए, जबकि कांग्रेस पार्षदों के वार्डों को जानबूझकर उपेक्षित रखा गया। वहीं कांग्रेस पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और सत्ता का इस्तेमाल विकास के बजाय राजनीतिक स्वार्थ साधने में किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महापौर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। इस खुलासे के बाद नगर निगम की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

### बिना प्लान हो रहे विकास कार्य, उड़ती धूल गवाह

शहर का विकास बिना प्लान के हो रहा है। खुदी हुई सड़के उड़ती धूल विकास के दावों के गवाह है। सड़क निर्माण को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए। पार्षदों का कहना था कि बिना समुचित योजना के सड़के डलवा दी गईं, जिससे पूरे नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य अस्त-व्यस्त हो गए हैं। कहीं सड़क बनी तो नाली नहीं, कहीं नाली बनी तो सड़क उखड़ गई, यह सब महापौर की नाकामी का प्रमाण है। इस पूरे घटनाक्रम में पार्षद शेखर सिंह का बयान सबसे ज्यादा राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अध्यक्ष देवेश पांडेय के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से पीछे हटना कोई रणनीति नहीं बल्कि मजबूरी थी। शेखर सिंह के अनुसार महापौर द्वारा तय की गई शर्तें स्वीकार्य नहीं थीं, इसलिए अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने का निर्णय लेना पड़ा।

IRCTC

**इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम-नवरत्न)
सीआईएन नंबर - L74899DLI999GOI101707

**आईआरसीटीसी - वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई-टेंडर (दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-**

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
|---|---|---|
| रिफ्रेशमेंट रूम / जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई-टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:-** जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022-47509565-8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।